HN 9101

वार्षिक मूल्यांकन 2016

कक्षा : IX

Third Language

HINDI

कुल स्कोर : 40

समय : 1½ घंटे

सामान्य निर्देश :

- सभी प्रश्नों के निर्देश ध्यान से पढ़ें।
- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है। इस समय पर कुछ भी न लिखें।
- 8 से 10 तक के और 21 से 24 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।

1. तालिका की पूर्ति करके लिखें। 2

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
हमारे गाँव की आखिरी बारिश	....	आलोक अग्रवाल
....	आत्मकथांश	ओमप्रकाश वाल्मीकि
हिरोशिमा	....	अज्ञेय
पाल के किनारे रखा इतिहास	निबंध	....

2. कोष्ठक से घटनाएँ चुनकर सही क्रमानुसार पूर्ति करके लिखें। 2

- चारों किसान सुबह जल्दी उठकर खेत गए।
- ....
- पारस पत्थर देखकर किसान हैरान हुए।
- ....

(पारस पत्थर राजा को सौंप दिया।, किसान की बेटी को एक नुकीले पत्थर से ठोकर लग गई।)

3. निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से कलीराम की विशेषताएँ चुनकर लिखें। 2

- सबको समान रूप से नहीं देखनेवाला।
- प्रेमपूर्ण व्यवहार करनेवाला।
- ऊँच-नीच का भेदभाव रखनेवाला।

सूचना : कोष्ठक में से सही उत्तर चुनकर लिखें।

4. 'बैल बेचकर चुकाता है महाजन का कर्ज' - यहाँ किसानों की कौन-सी हालत प्रकट होती है? 1

(खुशी, विवशता, घमंड़)

5. 'दिल्ली के चौराहे पर मैं उसे देखकर डर गया' - किसको देखकर? 1

(मिठाईवाले को, पानी बेचनेवाले को, गुब्बारेवाले को)

6. 'कसौटी पर कसना'- इसका मतलब क्या है? 1

(नाराज़ होना , देखना , परखना)

7. खेड़ी गाँव से स्कूल क्यों हटाया जा रहा है? 1

(बाँध आने के कारण , बच्चों की कमी के कारण , बारिश के कारण)

सूचना : 8 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। (2 x 2 = 4)

8. "अब तक हम अपनी भूख से लड़ते थे,
अब हमें अपनी प्यास से भी लड़ना होगा।" - यहाँ कवि किस वास्तविकता की ओर इशारा करते हैं? अपना मत प्रकट करें।

9. "यहाँ आप लोग स्वर्ग में रहती हैं, माँ जी " - बर्मी लड़कियाँ ऐसा क्यों कहती हैं?

10. 'उसने सुनकर भी अनसुना कर दिया और क्षमा कर देने के अंदाज़ में सोचा, लड़के ही तो हैं।' - मेमना कहानी के किसान के स्थान पर यदि आप होते तो उन युवकों के प्रति आप की क्या प्रतिक्रिया होती?

सूचना : रेखांकित अंशों का संशोधन करके लिखें।

11. आम <u>की</u> एक पेड़ था। <u>उसका</u> पत्ते सूख <u>गया</u>। वे <u>झरना</u> लगे। 2

सूचना : रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य का पुनर्लेखन करें।

12. दो <u>लड़कियाँ</u> बाहर से आई हैं। 1

सूचना : उचित योजक का प्रयोग करके वाक्यों को मिलाकर लिखें।

13. बारिश होनेवाली है। जल्दी घर जाना है। (इसलिए, लेकिन) 1

सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। (3 x 4 = 12)

21. स्कूल में गंगाबिशन का आखिरी दिन था। आगे गाँव नहीं, स्कूल नहीं, दोस्त नहीं...। उसका मन ज़ोर-ज़ोर से रोने को किया। गंगाबिशन की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखें।

22. 'यों चूहड़े का यहीं पढ़ेगा...इसी मदरसे में। और यों ही नहीं, इसके बाद और भी आवेंगे पढ़ने कूँ'- स्कूल में हुई घटना के बारे में ओमप्रकाश के पिताजी अपने मित्र के नाम पत्र लिखते हैं। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

संकेत :

- ओमप्रकाश को मैदान में झाड़ू लगाते देखना।
- ओमप्रकाश का हिचक-हिचक कर पूरी बातें बताना।
- कलीराम के साथ झगड़ा होना।

23. निम्नलिखित जीवनवृत्त की सहायता से मेधा पटकर की **जीवनी** का अंश तैयार करें।

नाम :	मेधा पटकर
जन्म :	1954 दिसंबर, मुंबई
पिता :	वसंत करनोलकर
माता :	इंदु
कार्यक्षेत्रन :	पर्यावरणकर्मी, नर्मदा बचाओ आन्दोलन का मुख्य प्रवर्तक।
पुरस्कार :	ह्यूमन राइट्स पुरस्कार, महात्मा फूले पुरस्कार, ग्रीन रिब्बन पुरस्कार, दीनानाथ मंकेष्कर पुरस्कार आदि।

24. मार्च 22 जल दिवस है। मान लें आपके स्कूल में जलश्री मंच के तत्वावधान में जल दिवस मनाने का निश्चय किया गया है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नानी ने समझाया हमें
नहीं व्यर्थ बहाओ पानी
हुआ समाप्त अगर धरा से
मिट जाएगी ये ज़िंदगानी
हरा-भरा रखो इस जग को
वृक्ष तुम खूब लगाओ
पानी है अनमोल रत्न
तुम एक-एक बूँद बचाओ।

ज़िंदगानी - जीवन
हाल - अवस्था

14. पानी के समाप्त हो जाने से धरती का क्या हाल होगा? 1

(ज़िंदगानी मिट जाएगी, नानी मर जाएगी, पानी बह जाएगा)

15. कवितांश केलिए उचित शीर्षक लिखें। 1

16. कवितांश का आशय लिखें। 3

सूचना : निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'सत्याग्रह' का अर्थ सत्य पर दृढ़ रहना है। सत्य पर दृढ़ रहने केलिए बहुत त्याग करने पड़ेंगे। गाँधीजी का संपूर्ण जीवन एक लंबा सत्याग्रह आन्दोलन था। जीवन भर उन्होंने अधर्म का विरोध किया। अत्याचारियों के हृदय में धार्मिक भाव जगाना चाहा। पहले वे अत्याचार करनेवालों को उपदेश देते। उससे फ़ायदा न होने पर ही वे सत्याग्रह आरंभ करते। इस तरह कई सत्याग्रहों के द्वारा गाँधीजी ने भारत की आज़ादी प्राप्त की।

17. 'संपूर्ण जीवन' में 'संपूर्ण' शब्द .... है। (सर्वनाम , संज्ञा , विशेषण) 1

18. सत्याग्रह का अर्थ क्या है? 1

19. गाँधीजी ने अत्याचारियों का परिवर्तन कैसे किया? 2

20. अधर्म - इस शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखें। 1